**Regarding Railway related issues of Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand-Laid**

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** मैं सरकार का ध्यान पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेलवे से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर आकृष्ट कराना चाहता हूँ जो निम्नलिखित हैं:-

· 12453/12454 रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी स्टेशन पर ठहराव ।

· कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 53351/53352 का परिचालन पुनः प्रारम्भ करने ।

· वन्दे भारत ट्रेन को टाटा नगर, मुरी, रांची, लोहरदगा, डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने ।

· पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव ।

· पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव ।

· गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का मोहम्मदगंज पर ठहराव ।

· रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में 2 दिन चलती है उसे 4 दिन किया जाए ।

· रॉची-नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 को सप्ताह में 3 दिन चलती है उसे 6 दिन किया जाए ।

· रॉची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311/18611 रांची से वाराणसी तक चलती है उसे गोरखपुर तक विस्तार किया जाए ।

· रांची से वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन जो कोरोना काल में चली थी । उसे बंद कर दिया गया है पुनः चालू किया जाए । डालटनगंज से गोरखपुर जाने वाले यात्रियों की संख्या अत्यधिक है ।